दैनिक उत्तरांचल दीप
हर बार असरदार

अपना फ्रंट

●देहरादून ● शनिवार ● 17 फरवरी 2018

Web : dainikuttaranchaldeep.com

Email : uttaranchaldeep@gmail.com

कार्यक्रम / पुलिस ट्रेनिंग कॉलेज नरेंद्रनगर में दीक्षांत परेड आयोजित

उत्तराखंड पुलिस को मिली 29 महिला एसआई

संवाददाता

@ dainikuttaranchaldeep.com

देहरादून। उत्तराखंड पुलिस को 29 महिला पुलिस सब इंस्पेक्टर और मिल गईं हैं। शुक्रवार को पुलिस ट्रेनिंग कॉलेज नरेंद्र नगर में आयोजित दीक्षांत परेड के साथ ही उक्त सभी महिला एसआई पुलिस की मुख्य धारा में शामिल हो गईं। पासआउट एसआई महिला उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस सीधी भर्ती के द्वितीय बैच में शामिल थीं।

दीक्षान्त परेड में बतौर मुख्य अतिथि मौजूद अपर पुलिस महानिदेशक प्रशासन राम सिंह मीणा ने परेड का मान-प्रणाम ग्रहण किया और दीक्षान्त परेड का निरीक्षण किया। इस मौके पर एडीजीपी मीणा ने प्रशिक्षण में सर्वांग सर्वोत्तम एवं बाह्य कक्ष में प्रथम आने पर कुमारी निशा पांडे, अन्तः कक्ष में प्रथम स्थान आने पर कुमारी नीमास, प्रथम परेड कमांडर कुमारी भागीरथी भंडारी, द्वितीय परेड कमांडर कुमारी अमन दीपिका तथा परेड एडज्यूडेन्ट के लिये कुमारी आरती बाल्मिकी को सम्मानित किया। राम सिंह मीणा ने अपने सम्बोधन में कहा कि आप सौभाग्यशाली हैं कि एक ऐसे वर्दीधारी बल में शामिल हो रहें जिसे एक्जीक्यूटिव कानून के अधिकार मिले हैं तथा एक प्रजातान्त्रिक व्यवस्था में अत्याधिक शक्तियां प्रदान की गयी हैं। वर्दी पहनना एक गौरव का विषय है जो आपको अपने कर्तव्य पालन करने के लिए प्रेरित करती है। उन्होंने इस वर्दी का गौरव और सम्मान बनाये रखते हुये पूरी निष्ठा, लग्न एवं पारदर्शिता से उत्तराखंड में मित्र पुलिस की भूमिका को साकार करने, पुलिस व जनता के मध्य आपसी सामंजस्य एवं जनसभागिता से अपराधों के नियंत्रण तथा कानून एवं शान्ति व्यवस्था की स्थापना करने में अपना सम्पूर्ण योगदान देने का आवाह्न किया। उन्होंने कहा कि राज्य में पहली बार इतनी बडी संख्या में पुलिस में महिलाओं की भागीदारी हो रही है यह महिला सशक्तिकरण का प्रतीक है। दीक्षांत परेड के बाद राम सिंह मीणा नवर्निमित उच्च स्तरीय स्मार्ट क्लास रुम का भी लोकार्पण भी किया। इस अवसर पर पीटीसी नरेंद्रनगर के प्रधानाचार्य एपी अनशुमन, पुलिस महानिरीक्षक प्रशिक्षण मोहन सिंह बंग्याल, सुखवीर सिंह उप प्रधानाचार्य भी मौजूद रहे।

सुखोई विमानों ने फिर भरी दून के आसमान में उड़ान

सुखोई विमान, फाइल फोटो

संवाददाता

@ dainikuttaranchaldeep.com

डोईवाला। देहरादून के आसमान में लगातार दूसरे दिन सुखोई 30 एमकेआई फाइटर विमानों ने एक बार फिर उड़ान भरी।

शुक्रवार सुबह 10:25 मिनट पर पहला सुखोई एयरक्राफ्ट भारी गर्जना के साथ एयरपोर्ट के आसमान में पहुंचा। और मिस एप्रोच करते हुए रनवे के करीब से सीधे हवा में उपर उठ गया। इसके कुछ सैकेंड बाद दूसरा सुखोई भी एयरपोर्ट के आसमान में पहुंचा। और मिस एप्रोच करता हुआ वापस लौट गया। कुछ समय बाद दो और सुखोई लड़ाकू विमान पहुंचे। और रनवे के काफी करीब से वापस आसमान में गुम हो गए।

बता दें कि सामरिक दृष्टि को देखते हुए भारतीय सेना देहरादून एयरपोर्ट पर पिछले कुछ समय से अपने हर तरह के विमान का ट्रायल कर रही है। लेकिन ये पहला मौका है। जब सुखोई विमानों ने बृहस्पतिवार और शुक्रवार को हिंडन एयरबेस से देहरादून के आसमान में उड़ान भरी। सेना के सभी विमानों के सफल ट्रायल से एयरपोर्ट पर सेना के हर तरह के विमानों की लैंडिंग का रास्ता साफ हो गया है। जिस वक्त सुखोई विमान दून के आसमान में उड़ान भर रहे थे। उस वक्त फ्लाइटों का मूवमेंट नहीं था। जिससे देहरादून एयरपोर्ट पर आने-जाने वाली किसी उड़ान को परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ा।

ट्रायल

- रनवे को छूते हुए बिना लैंडिग के वापस लौटे सुखोई
- विमानों की लैंडिंग का रास्ता साफ

निकायों में शामिल ग्रामीण क्षेत्रों में उपलब्ध कराएं सुविधाएं

संवाददाता

@ dainikuttaranchaldeep.com

देहरादून। नगर पंचायत, नगर पालिका, नगर निगम में सम्मिलित किये गये ग्रामीण क्षेत्रों में नगरीय सुविधाएं प्राथमिकता से उपलब्ध कराना सुनिश्चित कर स्वच्छता सर्वेक्षण में रैंकिंग सुधारने के लिए जरूरी उपाय किए जायें। यह निर्देश मुख्य सचिव उत्पल कुमार सिंह ने शुक्रवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिलाधिकारियों को दिए।

उन्होंने कहा कि नगरों में शामिल किये गये नए क्षेत्रों का कायाकल्प करने व स्थिति में सुधार के लिए नियमित साफ सफाई की व्यवस्था करने, स्ट्रीट लाईटे लगाने, शुद्ध पेयजल की व्यवस्था करने व सड़क आदि मुहैया कराने के लिए सभी आवश्यक कार्यवाही पूर्ण करने को जरूरत के अनुसार कार्ययोजना बनाकर नगर विकास विभाग को उपलब्ध कराएं। बैठक में सचिव आवास अमित नेगी, सचिव पेयजल अरविंद सिंह ह्यांकी, अपर सचिव नियोजन रंजीत सिन्हा, अपर सचिव नगर विकास विनोद सुमन, वीसी एमडीडीए आशीष श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

वीडियो कांफ्रेंसिंग

- मुख्य सचिव ने जिलाधिकारियों को दिए निर्देश

न्यूज Flash

ऐक्सिस बैंक ने दून में खोली नई शाखा

देहरादून। भारत में निजी क्षेत्र के तीसरे सबसे बड़े बैंक, ऐक्सिस बैंक ने शुक्रवार को कॉन्वेंट रोड, देहरादून में अपनी नई शाखा का शुभारंभ किया। यह शाखा जमा और ऋण के साथ बचत एवं चालू खाता तथा लॉकर की सुविधा आदि जैसी आधुनिक बैंकिंग सेवाओं की विस्तृत रेंज मुहैया कराएगी। साथ ही ग्राहकों को यहां से ऐक्सिस पे, ऐक्सिस मोबाइल एप्लिकेशन आदि से डिजिटल सेवा की सुविधा भी दी जाएगी। इस अवसर पर ऐक्सिस बैंक के प्रेसिडेंट एवं हेड ब्रांच बैंकिंग संजय सिलास ने कहा कि उत्तराखंड में खुदरा एवं संस्थागत ग्राहकों के बीच बैंकिंग सेवाओं एवं उत्पादों की बढ़ती मांग को देखते हुए हमने अपने मौजूदा नेटवर्क को विस्तारित किया है।

याचिकाकर्ताओं को प्रति शपथ पत्र पेश करने के निर्देश

नैनीताल। उत्तराखंड हाई कोर्ट ने उच्च शिक्षा में विनियमितिकरण के मामले में याचिकाकर्ताओं से तीन सप्ताह में प्रतिशपथ पत्र पेश करने को कहा है। मामले की सुनवाई मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति केएम जोसफ व न्यायमूर्ति आलोक सिंह की खंडपीठ में हुई। मामले के अनुसार पिथौरागढ़ निवासी दिनेश सिंह कोठारी व अन्य ने हाई कोर्ट में याचिका दायर कर कहा है कि सरकार ने उच्च शिक्षा में असिस्टेंट प्रोफेसरों का विनियमितिकरण नियमावली के विरुद्ध किया है जिसको याचिकाकर्ताओं ने हाई कोर्ट में चुनौती दी है। मामले को सुनने के बाद खंडपीठ ने याचिकाकर्ताओं को तीन सप्ताह में प्रतिशपथ पत्र पेश करने को कहा।

मानहानि मामले में पत्रिका से जवाब तलब

नैनीताल। उत्तराखंड हाई कोर्ट ने एक पत्रिका मामले में याचिकाकर्ता की मानहानि किये जाने के मामले में दायर याचिका पर सुनवाई के बाद पत्रिका कार्यालय सहित अन्य को नोटिस जारी कर जवाब दाखिल करने के निर्देश दिये हैं। मामले को सुनने के बाद न्यायमूर्ति यूसी ध्यानी की एकलपीठ ने आठ मार्च को अगली सुनवाई की तिथि नियत की है। मामले के अनुसार पौड़ी निवासी संदीप कुमार ने हाई कोर्ट में याचिका दायर कहा है कि वह एक सम्मानित व्यक्ति है। वर्तमान में वह जीबी पंत इंजीनियरिंग कालेज पौड़ी में कार्यरत हैं। वह पहले सीएसआईआर का कर्मचारी था। याचिका में कहा है कि वह पिछले 20 वर्षों से सरकारी सेवा में कार्यरत हैं। वह एआईसीटी नई दिल्ली में अस्सिटेंट डायरेक्टर व दिल्ली विश्वविद्यालय में डिप्टी रजिस्ट्रार के पद पर तैनात था। याचिका में कहा गया कि जनवरी 2018 को पत्रिका में उनके खिलाफ लिखा गया था कि थर्ड डिवीजन हाईस्कूल पास को बनाया कुलसचिव। इस समाचार से उनकी मानहानि की गई है। याचिकाकर्ता की ओर से पत्रिका को बंद करने व उसके संपादक सहित कार्यालय कर्मचारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की जाने की मांग की गई थी। इसके अलावा याचिकाकर्ता की ओर से उसे मानहानि के रूप में 50 लाख रुपया मुआवजा देने की मांग की थी। दोनों पक्षों को सुनने के बाद एकलपीठ ने पत्रिका के समस्त विपक्षीगणों को नोटिस जारी किया है।

स्कूल में विद्यार्थियों ने सुनी मन की बात

रुड़की। परीक्षार्थियों के मन से परीक्षा का डर दूर करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बात को सुनने के लिए शहर के कुछ स्कूलों में भी इंतजाम किए गए। इस दौरान बच्चों ने प्रधानमंत्री के मन की बात सुनी, लेकिन कई छात्रों ने बताया कि जैसे टीवी पर दूसरे छात्र अपनी बात रख रहे हैं, काश उनको भी यह मौका मिले तो वह भी अपनी बात रखे। बीएसएम इंटर कालेज के सभागार में छात्रों को टीवी के सामने बैठा दिया गया। इसके साथ ही छात्रों ने प्रधानमंत्री के मन की बात को सुनना शुरू कर दिया। इंटर के छात्र सुनील कुमार ने बताया कि प्रधानमंत्री की बात सुनने से परीक्षा का डर बहुत हद तक कम हो गया है। इस मौके पर कालेज के प्रधानाचार्य अरुण कुमार सिंह ने बताया कि वास्तव में प्रधानमंत्री का जो संबोधन रहा है उससे छात्रों का आत्मविश्वास काफी बढ़ेगा। फरवरी, मार्च का महीना परीक्षाओं का होता है। ऐसे समय में संबोधन छात्रों के लिए बेहद उपयोगी है। राजकीय इंटर कालेज रुड़की के छात्र जितेंद्र, सतेंद्र का कहना है कि अपनी बात को रखने का था। पीएम के संबोधन से परीक्षा का डर काफी हद तक दूर हो गया है।

प्रदेश में चार कोल्ड इकाई को मिली केंद्र की मंजूरी

देहरादून। प्रदेश में खाद्य प्रसंस्करण एवं कोल्ड चैन से सम्बन्धित इकाईयों की स्थापना का रास्ता साफ हो गया है। सचिव उद्यान एवं कृषि डी.सेंथिल पांडियन ने बताया कि भारत सरकार ने इस बाबत राज्य के 4 प्रस्तावों की मंजूरी दे दी है। इस मामले में विस्तृत जानकारी देते हुए निदेशक उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण डॉ. बीएस नेगी ने बताया कि भारत सरकार के खाद्य प्रसंस्करण एवं उद्योग मंत्रालय ने मैसर्स मोहयाल फूड्स प्राइवेट लिमिटेड, हरिद्वार, मैसर्स एसके फ्रोजन फूड्स, नैनीताल, मैसर्स शान्ति फ्रोजन फूड्स, ऊधमसिंहनगर, मैसर्स शिवन्या फ्रोजन फूड प्रोडक्ट्स, ऊधमसिंहनगर यूनिटों की स्वीकृति जारी की गई है।उक्त 4 प्रस्तावों में लगभग 68.83 करोड़ रुपए का निवेश होगा।

निःशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

डोईवाला। युवक मंगल दल एवं प्रांतीय रक्षक दल द्वारा डेशवाला में एक निःशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। युवक मंगल दल के अध्यक्ष गौतम कुमार ने कहा कि डेशवाला में 16 फरवरी से निःशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। युवा कल्याण अधिकारी विनीता नौटियाल द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मौके पर सुलोचना देवी, नवनीत कुमार, अजय सैनी, विवेक, लक्की, सोनी, उत्तम सिंह नेगी, सौरभ आदि उपस्थित रहे।

ओबीसी सर्वे कार्य पूरा, अब तय होगी आरक्षण की स्थिति

संवाददाता

@ dainikuttaranchaldeep.com

डोईवाला। डोईवाला नगर पालिका के कुल 20 वार्डों में ओबीसी सर्वे का कार्य पूरा कर लिया गया है। अब शासन और प्रशासन द्वारा नगर अध्यक्ष और वार्डो के लिए आरक्षण तय किया जाएगा। डोईवाला नगर पालिका में सर्वे के बाद 30 प्रतिशत के लगभग ओबीसी दर्ज किए गए हैं। हालांकि आपत्तियों के बाद आरक्षण की स्थिति घट या बढ भी सकती है। फिलहाल 18 फरवरी तक इस मामले में आपत्तियां मांगी गई हैं। यदि इस मामले में कोई आपत्ति दर्ज नहीं की जाती है। तो ओबीसी की यही स्थिति मानकर आरक्षण तय किया जाएगा। नगर अध्यक्ष के लिए शासन और वार्डो के लिए प्रशासन द्वारा आरक्षण की स्थिति तय की जाएगी। विस्तारीकरण के बाद डोईवाला नगर पालिका में वार्डो की संख्या 7 से बढ़कर 20 हो गई हैं। वहीं नगर पालिका की जनसंख्या भी बढकर 10 हजार के लगभग से 55 हजार के आसपास हो गई है। समय की कमी को देखते हुए नगर प्रशासन पूरी मेहनत से ओसीबी सर्वे और मतदाता से संबधित सूची तैयार करने में जुटा हुआ है। मतदाता सूची का कार्य भी लगभग पूरा कर लिया गया है। अब नगर प्रशासन द्वारा तैयार पांडुलिपी को कंप्यूटर में दर्ज किया जा रहा है। जिसके बाद इसको नोटिफिकेशन के लिए आगे भेजा जाएगा। कुल मिलाकर नगर चुनाव के लिए ओबीसी सर्वे और मतदाता सूची से संबधित कार्य पूरा कर लिया गया है।

नगर चुनाव को देखते हुए ओबीसी सर्वे और मतदाता सूची का कार्य लगभग पूरा कर लिया गया है। पांडुलिपी तैयार कर नोटिफिकेशन के लिए भेजने की तैयारी है।

विजय प्रताप चौहान, नगर अधिकारी डोईवाला।

ऋषभ, मेघा, रोहित व दीपाली ने जीते खिताब

संवाददाता

@ dainikuttaranchaldeep.com

टीआईएस के छात्रों के लिए विदाई समारोह आयोजित

देहरादून। टीआईएस में कक्षा 12 के छात्रों के लिए विदाई समारोह आयोजित किया गया। मिस्टर का खिताब ऋषभ जैन व मिस का खिताब मेघा सरकार, स्पार्क ऑफ द ईव मेल का खिताब रोहित थॉमस और स्पार्क ऑफ द ईव फीमेल का खिताब दीपाली वर्मा को दिया गया।

कक्षा 11 के छात्रों की ओर से आयोजित इस समारोह में नृत्य, गायन, नाटक व अन्य कई रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति के साथ सीनियर्स को विदाई दी गयी। कक्षा 12 के छात्रों के लिए मिर्ची शॉट्स, साड़ी लॉजी जैसे कई रोमांचक खेल आयोजित करवाये गये। इस अवसर पर तुलाज ग्रुप के चेयरमैन सुनील कुमार जैन ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा किए जीवन एक यात्रा के समान है, इसमें कई साथी मिलते और बिछड़ते हैं। विद्यार्थी जीवन भी इससे अछूता नहीं है। उन्होंने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा किए हमें लगातार अपने मंजिल की तरफ बढ़ते रहना चाहिए। स्कूल के डायरेक्टर रौनक जैन ने छात्रों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। प्रिंसिपल शालिनी शर्मा ने छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए स्वर्णिम भविष्य की कामना की।

विदाई समारोह के दौरान छात्र-छात्राएं। उत्तरांचल दीप

शिक्षा मंत्री ने भी बच्चों संग सुनी पीएम की बात

संवाददाता

@ dainikuttaranchaldeep.com

देहरादून। पीएम नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को स्कूली बच्चों को परीक्षा में तनाव से बचने के टिप्स दिए। इस दौरान उत्तराखंड के शिक्षा मंत्री भी क्लास में बैठ गए। क्लास में टेबल कुर्सी की पर्याप्त व्यवस्था नहीं थी। इसलिए शिक्षा मंत्री भी बच्चों के साथ जमीन पर ही बैठे।

देहरादून के पथरीबाग में लक्ष्मण इंटर विद्यालय में बच्चों के साथ जमीन पर बैठकर शिक्षा मंत्री अरविंद पांडेय ने प्रधानमंत्री का संदेश सुना। पीएम मोदी के कार्यक्रम के मद्देनजर राजधानी के सभी स्कूलों में प्रसारण के इंतजाम किए गए। स्कूलों में प्रोजेक्टर, टीवी और रेडियो के माध्यम से प्रधानमंत्री का संदेश सुना गया। परीक्षा के दौरान छात्र- छात्राएं तनाव पर कैसे नियंत्रण रखें और तनावरहित होकर कैसे तैयारी करें, इसको लेकर प्रधानमंत्री स्कूली बच्चों से बातचीत की।

साथ ही विभिन्न माध्यमों से पूछे गए देशभर के स्कूली बच्चों के सवालों के जवाब भी दिया। पहले यह कार्यक्रम 11 से 12 बजे तक प्रस्तावित था, जिसका समय बदलाव कर दोपहर 11.45 से 12.45 बजे तक कर दिया गया। सभी स्कूलों को कार्यक्रम के प्रसारण की व्यवस्था के निर्देश दिए गए थे। लक्ष्मण इंटर कॉलेज में कार्यक्रम में करीब 930 बच्चों और शिक्षकों ने हिस्सा लिया।

कवायद / दून विवि में आपकी राय-आपका बजट कार्यक्रम आयोजित

सीएम ने बजट पर युवाओं से किया संवाद

संवाददाता

@ dainikuttaranchaldeep.com

देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने शुक्रवार को युवाओं व अध्यापकों से संवाद कर राज्य के प्रस्तावित बजट को लेकर सुझाव लिए। इस बाबत दून विवि में आपकी राय-आपका बजट कार्यक्रम का आयोजन किया गया था।

कार्यक्रम में 23 छात्र- छात्राओं ने आगामी बजट के लिए विभिन्न विषयों पर अपने सुझाव दिए। कार्यक्रम के दौरान सुझाव रखते हुए सुमन खत्री ने पर्वतीय जिलों में इन्फ्रास्ट्रक्चर, ट्रांसपोर्ट, पर्यटन, यातायात कनेक्टिविटी को मजबूती देने पर जोर दिया। मैनेजमेंट के छात्र गौतम कुमार ने ऑर्गेनिक प्रोडक्ट, दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने और स्थानीय लोगों के लिए स्वरोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए योजना बनाये जाने की बात कही। उज्जवल शर्मा ने उत्तराखण्ड में इन्वेस्टमेंट समिट कराने का सुझाव दिया। अशुंल भट्ट ने किशोरावस्था के बच्चों के लिए स्वास्थ्य एवं शिक्षा के लिए विशेष योजना बनाने का सुझाव दिया। डॉ विवेक जोशी ने कहा कि पर्वतीय जिलों से पलायन को रोकने के लिए डिजिटल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया को बढ़ावा दिये जाने के साथ ही स्वयं सहायता समूहों को विकसित करने की जरूरत है। मेडिशनल एवं एरोमेटिक प्लांट की नर्सरी बनाकर इसे ग्रोथ सेंटरों के विकास में शामिल किया जा सकता है। 2022 तक किसानों की आय दोगुनी करने के लिए पर्वतीय क्षेत्रों में पानी की समस्याओं के समाधान के लिए हाईड्रोलिक रैम्प पम्प का इस्तेमाल करने का सुझाव दिया। डॉ मनु शर्मा ने सुझाव दिया कि स्वच्छ भारत अभियान के तहत शहरी क्षेत्रों की स्वच्छता पर जागरूकता अभियान चलाने पर बल दिया जाए। शोध छात्रा शालू राठी ने सुझाव दिया कि फसल बीमा योजना से अधिक से अधिक किसान जुड़ सके, इसमें इंश्योरेंस पॉलिसी को और अधिक मजबूत बनाना जरूरी है।